विक्रम संवत 2080

सोमवार, 19 फरवरी 2024

वर्ष 5, अंक 93, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO 7 : MIDDLE

इंस्ट्रूमेंटल सिंफनी में वाद्ययंत्रों से गूंजे शास्त्रीय राग

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को गुरुओं और विद्यार्थियों ने इंस्ट्रूमेंटल सिंफनी में वाद्ययंत्रों के माध्यम से शास्त्रीय रागों को प्रस्तुत किया। रिद्धिमा के वाद्ययंत्र, गायन और भरतनाट्यम गुरु ने विद्यार्थियों के साथ अहीर भैरव, मंगल भैरव और बैरागी वैभव रागों को साधा। वाद्य यंत्रों पर विद्यार्थी शिवांग अग्रवाल और गुरुओं ने राग भोपाली में मध्य लय की बंदिश बजाई और द्रुत लय में इसका समापन किया। इंस्ट्रूमेंट गुरु हिमांश चंद्रा और विद्यार्थी अथर्व पाठक ने गिटार,गुरु प्रियांशु मैस ने (ड्रम), सूर्यकांत चौधरी ने (वायलिन), रॉनी फिलिप्स ने (सेक्सोफोन) पश्चिमी वाद्ययंत्रों की संगत से वेस्टर्न म्यूजिक को पेश किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डा .एमएस बुटोला, डॉ . प्रभाकर गुप्ता, डॉ .रीता शर्मा मौजूद रहीं।